हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 27 अप्रैल 2026

[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]

## हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

# सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026

## प्रथम उपहार 1 कार



**द्वितीय उपहार**
**3 नग बाईक**



**तृतीय उपहार**
**10 नग LED TV**



**चतुर्थ उपहार**
**5 नग फ्रीज**



**पांचवा उपहार**
**8 नग वासिंग मशीन**



**छठवां उपहार**
**15 नग गैस चूल्हा**



**सातवां उपहार**
**25 नग सिलिंग फैन**



**आठवां उपहार**
**40 नग ट्राली बैग**



**नवां उपहार**
**500 नग हॉट पॉट**



**दसवां उपहार**
**600 नग लंच बाक्स**



**ग्यारहवां उपहार**
**प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार**



**नियम एवं शर्तें :-** ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।

**आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें**

हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 27 अप्रैल 2026

तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

10 पीएम आवास समय-सीमा में पूर्ण करें : कलेक्टर



12 कांग्रेस व विपक्षी दलों द्वारा महिला आरक्षण...





# जल संकट से मिलेगी राहत, 71 लाख की टंकी बनकर तैयार, जल्द होगी जलापूर्ति

**हजारों लोगों को मिलेगा लाभ, बोरवेल में पर्याप्त जल उपलब्ध**

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम शहर के वार्ड क्रमांक 14 में लंबे समय से बहुप्रतीक्षित पेयजल सुविधा अब हकीकत बनती नजर आ रही है। लगभग 71 लाख रुपये की लागत से निर्मित पानी की टंकी पूरी तरह तैयार हो चुकी है और बोरवेल में पर्याप्त जल उपलब्ध होने से अब इसके शीघ्र संचालन का मार्ग भी साफ हो गया है। इस महत्वपूर्ण परियोजना के तहत 2 हजार 9 सौ मीटर पाईपलाइन विस्तार का कार्य भी होना है जिससे आने वाले समय में हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। करीब साढ़े तीन लाख लीटर क्षमता वाली यह विशाल टंकी शहर के वार्ड क्रमांक 14 में बनाया गया है जो शहर के वार्ड 6, 14 और 15 के चार हजार आबादी की प्यास बुझाने में सक्षम होगी। मालूम हो कि ये तीनों वार्ड शहर से थोड़ा दूर है। वर्षों से जल संकट से जूझ रहे इन वार्डों के रहवासियों के लिए यह योजना किसी राहत से कम नहीं है। कार्य की प्रगति का जायजा लेने के लिए विधायक रोहित साहू स्वयं मौके पर पहुंचे। उन्होंने टंकी निर्माण, पाइपलाइन बिछाने और जल उपलब्धता की स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगरपालिका अध्यक्ष महेश यादव, नगर पालिका के सीएमओ संतोष विश्वकर्मा, दीपक वर्मा एवं इंजीनियर को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण कर टंकी को जल्द से जल्द चालू किया जाए।



### जून-जुलाई में टंकी से जलापूर्ति

अधिकारियों के अनुसार, यदि सभी कार्य तय समय पर पूरे होते हैं, तो आगामी जून-जुलाई माह में इस टंकी से जलापूर्ति प्रारंभ कर दी जाएगी। इसके चालू होते ही तीनों वार्डों में पानी की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी और लोगों को नियमित जलापूर्ति मिल सकेगी। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल पर खुशी जाहिर करते हुए उम्मीद जताई है कि जल्द ही उन्हें पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। यह परियोजना न केवल शहर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि विधायक रोहित साहू और प्रशासन के समन्वय का भी उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया है।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश तेजी से विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा : गौरीशंकर


**मैनपुर।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करके कांग्रेस और विपक्षी दलो ने साबित कर दिया कि वे महिला विरोधी है उक्त बाते पत्रकारो से चर्चा करते हुए जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने कही। श्री कश्यप ने आगे कहा की देश की महिलाओं को लोकसभा व विधानसभाओं में उनका 33 प्रतिशत नेतृत्व सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में नारी शक्ति वन्दन अधिनियम लाया गया था देशभर की मातृशक्ति में इस अधिनियम को लेकर काफी उत्साह था लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि हमारी माता–बहनों की खुशी कांग्रेस व विपक्षी दल के महिला विरोधी राजनीतिक चरित्र के चलते साकार नहीं हो पाई इंडिया गठबंधन ने इसमें अवरोध उत्पन्न करके नारी शक्ति के साथ घोर अन्याय करने का पाप किया है। जिला अध्यक्ष श्री कश्यप ने आगे कहा नारी शक्ति वन्दन अधिनियम का विरोध कर कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने न केवल इसे पारित होने से रोका बल्कि देश की आधी आबादी महिलाओं के अधिकारों का विरोध कर उनका हक छीना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व विपक्षी दल के महिला विरोधी रवैये से देश की मातृशक्ति रुष्ट है। भाजपा सरकार ने सदैव हर स्तर पर नारी के संवैधानिक अधिकारों व सम्मान की रक्षा की है। महिलाओं को उनका हक और अधिकार दिलाने के लिए भाजपा संकल्पित है।



### एक्सीडेंट में कार क्षतिग्रस्त

**महासमुंद।** घोड़ारी के केसरिया ढाबा के पास एक्सीडेंट में एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। मामले में सिटी कोतवाली में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को खुमान साहू निवासी रायपुर ने बताया कि 25 अप्रैल को वह अपनी स्विफ्ट डिजायर कार क्र सीजी 13 एएक्स 2325 में रायपुर से पैसेंजर लेकर सारंगढ़ जा रहा था। शाम करीबन 04.30 बजे वह एनएच 53 रोड केसरिया ढाबा के पास ग्राम घोडारी पहुंचा था और गाड़ी को धीरे करके केसरिया ढाबा में रूकने के लिए इंडिकेटर देकर मोड़ बाएं मोड़ रहा था, उसी समय अचानक पीछे रायपुर रोड की ओर से आ रही मारूति स्विफ्ट कार क्र यूपी 44 बीआर 6636 के चालक द्वारा अपनी कार को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते आकर उसकी कार को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे उसकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### महिला से बहू और ससुर ने की मारपीट



**महासमुंद।** ग्राम धनसुली में एक महिला के साथ पड़ोस में रहने वाले बहू और ससुर ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को रीतु साहूने बताया कि 26 अप्रैल को उसके माता-पिता दोनो काम पर गये थे। घर में वह अकेली थी। करीबन 11 बजे उसके पड़ोस में रहने वाली सुमन धीवर अपने ससुर मोहन धीवर के साथ उसके घर में आए और कमरे में घुस गए। इस दौरान सुमन धीवर ने पीठ में मारा एवं हंसिया से मुझे मारने लगी। इस दौरान मोहन धीवर ने भी चप्पल से मारपीट किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(3), 333, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

**समस्या :** शादियों का रश, ट्रांसपोर्टर्स उठा रहे मजबूरी का फायदा

# कार्रवाई के बाद भी बसों में ठूंस रहे हैं क्षमता से अधिक सवारी

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

वर्तमान में 41 डिग्री तापमान चल रहा है। इस गर्मी में यात्री बसे में सफर करने वाले यात्री बेहद परेशान नजर आ रहे है। इन दिनों शादी विवाह के चलते भारी भीड़ भाड़ चल रहा है और यात्री बसों में पैर रखने के लिए जगह नहीं है। क्षमता से अधिक सवारियों को बसों में ठूंस-ठुंस कर भरा जा रहा है। यात्रियों के सुरक्षा के साथ खिलपाड़ हो रहा है लेकिन किसी को परवाह नहीं है। आरटीओ यातायात, पुलिस विभाग मौन नजर आ रहे है हालांकि कुछ दिन पहले इस क्षेत्र में ओवरलोड यात्री बसों की जांच किया था और ओवर लोड के चलते कुछ वाहनों पर कार्यवाही की गई थी लेकिन उसके बाद भी बसों में यात्रियों को क्षमता से अधिक ढोया जा रहा है साथ ही जीप और टेक्सियों तथा पीकप माल वाहनों में खुले आम लटका कर यात्रियों को लाया ले जाया जा रहा है जिसके चलते हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बनी रहती है। यात्री बसों का संचालन निजी हाथों में गया है तब से यहां बस ऑपरेटरों की मनमानी सामने आ रही है। कई कंडम (कबाड़ा) और बगैर फिटनेस की यात्री बसें सड़कों पर दौड़ा रहे हैं। आलम यह है कि 32 सीटर बस में 50 से भी अधिक सवारी ठूंस-ठूंस कर भरी जा रही है। महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों पर पुरुषों का कब्जा रहता है। मैनपुर, गरियाबंद, देवभोग, धमतरी, जगदलपुर मार्ग में प्रतिदिन दो दर्जन से भी अधिक यात्री बसों का आवागमन होता। स्थानीय बस स्टैंड से प्रत्येक 10-20 मिनट मे बसों का संचालन गंतव्य की ओर होता ⏭ शेष पेज 10 पर

**एक दिन एक्शन के बाद पुलिस गायब**







### बसों में इस तरह की अनियमितता

ज्यादातर निजी बसों पर न तो बीमा के दस्तावेज चस्पा किए जाते हैं, और ना ही फिटनेस सर्टिफिकेट अंकित है बसों के भीतर किराया सूची भी नहीं लगी होती आकस्मिक आग से बचने के लिए अग्निशमन यंत्र उपलब्ध नहीं होता, और ना ही इसमें इमरजेंसी खिड़की होती है ज्यादातर बसों में फर्स्ट एड बॉक्स भी नहीं होता. बस के चालक व परिचालक भी वर्दी में नहीं होते बता दें कि, यात्रियों की बेहतर सुविधा के लिहाज से निजी बसों का संचालन किया गया था।

### महिलाओं को सीट तक नहीं मिलती

रायपुर मैनपुर देवभोग चल रही कुछ बस सर्विस की हालत इतनी खराब है कि सभी सीट भरी होने के बावजूद यात्रियों को ठूंस-ठूंस कर खड़ा कर सफर करने मजबूर होना पड़ रहा है और बुजुर्गो को भारी परेशानी हो रही है। भीशण गर्मी के इन दिनों में सुरक्षा के लिहाज से अग्नि समनयंत्र भी नहीं है और तो और कुछ कंडक्टर अतिरिक्त सवारी के नाम पर जगह नहीं होने के बावजूद सवारियो को बस में भर रहे है।

# ओडिशा के तीन शिकारी गिरफ्तार, भेजे गए जेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

उदंती सीता नदी टाइगर रिजर्व के भीतर घुसकर उड़ीसा के तीन ग्रामीणों द्वारा अवैध शिकार का प्रयास किया जा रहा था तीनों आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया है, उदंती-सीतानदी टाईगर रिजर्व गरियाबंद के अन्तर्गत परिक्षेत्र इंदागांव (धुरवागुड़ी) बफर के पीपलखूंटा सर्कल में वन कर्मचारियों एवं पेट्रोलिंग श्रमिकों के द्वारा नियमित पैदल गश्त के दौरान परिसर पीपलखूंटा' के आरक्षित वनक्षेत्र कक्ष क्रमांक 1204,1206 में दिनांक 25.04.2026 को उड़ीसा प्रांत के 03 व्यक्ति जिनका नाम क्रमशः (1) चमरु पिता लहरिया कमार (2) लखीराम पिता नवलसिंग कमार (3) संजय पिता मल्लुराम कमार ग्राम-अछला, थाना-रायघर, तह.- रायघर, जिला-नवरंगपुर (उड़ीसा) के द्वारा गोड़ेना जलप्रपात में प्रवाहित जल में फावड़ा की सहायता से पानी को रोककर उसमें वनक्षेत्र से विषैले पत्तों को मछली पकड़ने के उद्देश्य से मिलाया जा रहा था जिनको एंटी पोचिग की टीम के द्वारा पकड़कर अपने वरिष्ट अधिकारियों को सूचित किया गया।

**एंटी पोचिंग टीम की जीरो टालरेंस नीति-** उदंती-सीतानदी टाईगर रिजर्व गरियाबंद के अन्तर्गत गठित एंटी पोचिंग की टीम के द्वारा टाईगर रिजर्व क्षेत्र में हो रहे अवैध कटाई, अतिक्रमण, अवैध शिकार जैसे घटनाओं पर न सिर्फ अंकुश लगाया है बल्कि उड़ीसा, महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में स्थित टाइगर कॉरिडोर में भी अपनी महत्वपूर्ण ⏭ शेष पेज 10 पर

# बुजुर्ग भीखलु राम को मिला पेंशन और राशन का सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

- सीएम ने लिया संज्ञान, कलेक्टर ने की त्वरित कार्रवाई

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संवेदनशील, सजग और जनकेंद्रित नेतृत्व का एक और सशक्त उदाहरण सामने आया है, जहाँ एक वृद्ध हितग्राही की समस्या पर त्वरित संज्ञान लेते हुए शासन ने तुरंत राहत सुनिश्चित की। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश पर गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर विकासखण्ड के ग्राम पथर्री निवासी भीखलु राम ध्रुव को जिला प्रशासन की सक्रियता से बड़ी राहत मिली है। मीडिया के माध्यम से प्रसारित एक खबर में यह जानकारी सामने आई थी कि भीखलु राम ध्रुव लंबे समय से पेंशन और राशन जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित थे। इस खबर को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बिना विलंब किए तत्काल संज्ञान लिया और जिला प्रशासन को निर्देशित किया कि संबंधित हितग्राही को शीघ्र लाभ उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री के निर्देश मिलते ही प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया और प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई शुरू की गई। मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुरूप कलेक्टर बीएस उइके ने स्वयं ⏭ शेष पेज 10 पर



# घटारानी जंगल में तेंदुओं का हमला, बची युवक की जान, गांव में अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद/फिंगेश्वर/छुईहा-बेलर

जिले के प्रसिद्ध घटारानी जंगल में तेंदुए और एक युवक के बीच जमकर हुए द्वंद्व में जान बचाकर भाग निकले। घटारानी के घने जंगलों में तेंदूपत्ता कार्य से जुड़ी रस्सी लेने गए एक युवक पर दो मादा तेंदुओं ने जानलेवा हमला कर दिया। शावकों के साथ मौजूद तेंदुओं के हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, लेकिन उसने साहस दिखाते हुए किसी तरह अपनी जान बचा ली। जानकारी के अनुसार, ग्राम जमाही निवासी भीखम कमार रोज की तरह जंगल गया था। उसे अंदाजा नहीं था कि झाड़ियों के पीछे खतरा छिपा है। जैसे ही वह अंदर पहुंचा, उसका सामना दो मादा तेंदुओं से हो गया, जो अपने शावकों के साथ थीं। अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर आक्रामक हुई तेंदुओं ने अचानक युवक पर हमला बोल दिया। हमला इतना तेज था ⏭ शेष पेज 10 पर



# त्रिवेणी संगम में लौटी जलधारा तालाबों का हो रहा कायाकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम। धर्मनगरी राजिम में जल संकट के समाधान और जल संरक्षण की दिशा में विधायक रोहित साहू द्वारा की गई पहल शहरवासियों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। सिकासार जलाशय से त्रिवेणी संगम तक पानी पहुँचाने के निर्णय के बाद, अब शहर के प्रमुख तालाबों के जीर्णोद्धार का कार्य तेज हो गया है। विधायक की इन सक्रियता और दूरदर्शी सोच की आमजन खुलकर सराहना कर रहे हैं। शहर के प्रमुख तालाब शीतला तालाब का गहरीकरण कार्य भी इनके निर्देश पर चल ही रहा है वहीं पथर्रा तालाब का गहरीकरण काम हो रहा है। बताया जा रहा है कि इन दोनों तालाबों में सौंदर्यीकरण का काम भी लगे हाथों होगा।



**भाजपा कार्यकर्ताओं सहित आमजनों ने सामूहिक रूप से सुनी मन की बात**

# पीएम की 'मन की बात' जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम : मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 133वीं कड़ी का सामूहिक श्रवण रविवार को छुरा नगर के शीतला माता मंदिर प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक रोहित साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को सुनने के बाद महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि 'मन की बात' जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है। प्रधानमंत्री मोदी इस कार्यक्रम के जरिए समाज के प्रेरणादायी प्रयासों, नवाचारों, संस्कृति, सेवा कार्यों और देश के विभिन्न हिस्सों की सकारात्मक पहल को देशवासियों तक पहुंचाते हैं, जो सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी करोड़ों देशवासियों से सीधे संवाद स्थापित कर विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और सशक्त भारत के निर्माण का संदेश देते हैं। मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनजागरण और राष्ट्रीय चेतना को मजबूत करने का अभियान है।

सांसद रूपकुमारी चौधरी और विधायक रोहित साहू ने भी कहा कि प्रधानमंत्री के विचार समाज को नई ⏭ शेष पेज 10 पर



# उदंती रिजर्व में अतिक्रमण का प्रयास, 22 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के सीतानदी (कोर) रेंज अंतर्गत घुरवाड़ क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 22 लोगों को गिरफ्तार किया। सभी आरोपी कथित रूप से अतिक्रमण का प्रयास कर रहे थे और वन्यप्राणियों के प्राकृतिक रहवास को नुकसान पहुंचा रहे थे। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और आरोपियों को हिरासत में लिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ये लोग जंगल क्षेत्र में अवैध कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे, जिससे पर्यावरण और वन्यजीवों पर गंभीर असर पड़ सकता था। इस पूरे मामले की जानकारी देते हुए वरुण जैन (डीएफओ) ने बताया कि इन लोगों के ऊपर में भी कार्यवाई की गाई थी और कोर क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण सख्त प्रतिबंधित है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल सभी आरोपियों से पूछताछ जारी है और आगे की वैधानिक प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

**खबर संक्षेप**

## ग्रामीणों ने की नए आंगनबाड़ी केंद्र की मांग



**मैनपुर।** आदिवासी विकासखंड मुख्यालय मैनपुर से लगभग 29 किमी की दूरी पर बसा हुआ ग्राम पंचायत कोकड़ी के पारा डूमरबुडरा के नवनिहाल बच्चों को महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र से प्रारंभिक शिक्षा का लाभ आज तक नहीं मिल पा रहा है जिसका मुख्य कारण गांव से आंगनबाड़ी केंद्र की दूरी अधिक होना है इससे बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा कैसे मिलेगा यह विचारणीय तथ्य है। ऐसे गाँवो व परिवारों के दशा एवं दिशा बदलने छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री डॉ. विष्णु देव साय संकल्पित है। अगर कोकडी के आश्रित ग्राम डुमरबुडरा मे आंगनबाड़ी केंद्र खुलेगा तो निश्चित रूप से इसका बहुआयामी लाभ से बच्चे लाभांवित होंगे। डुमरबुडरा के लोगों ने बताया कि डूमरबुडरा की जनसंख्या लगभग 150 एवं मकान संख्या 30 तथा आँगनबाड़ी केंद्र में प्रारंभिक शिक्षा लेने वाले बच्चों की संख्या 24 होने के बावजूद भी आज तक डूमरबुड़रा में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित नहीं हो पाया है। इन बच्चों का नाम डूमरबुडरा से डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर बसा हुआ ग्राम कोकड़ी के आंगनबाड़ी केंद्र में दर्ज है। लेकिन अधिक दूरी सुनसान रास्ते जंगल पहाड़ियों का इलाका होने के कारण चाह कर भी 22 बच्चे केंद्र तक नहीं पहुंच पाते हैं। जिसके कारण प्रारंभिक शिक्षा सहित गरम भोजन नाश्ता एवं अन्य सुविधाओं से यहाँ के बच्चों को वंचित होना पड़ रहा है। गांव के मानकी बाई नेताम, चौतूराम मरकाम, ललिता मरकाम, भान बती, बिनती मरकाम, रजन्तीन नेताम, लिकेश्वरी पद्माकर, उर्मिला नेताम, गरीब राम मरकाम, प्रभु लाल मरकाम, राजेंद्र मरकाम, जयलाल नेताम, सुखदेव मरकाम ने बच्चों के लिए गांव में आंगनबाड़ी केंद्र संचालन कराने के लिए जिला के कलेक्टर एसडीएम एवं संबंधित विभाग से मांग किया है।

## नीरज बने जिला कार्यालय प्रभारी

**मैनपुर।** जिले में कांग्रेस संगठन को मजबूती देने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए जिला कार्यालय के संचालन को सुदृढ़ किया गया है तथा सहायक जिला प्रभारी की



नियुक्ति की गई है। इस निर्णय के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। लंबे समय से संगठन में सक्रियता और बेहतर समन्वय की मांग उठ रही थी, जिसे अब नई जिम्मेदारियों के साथ पूरा करने की कोशिश की जा रही है। मैनपुर क्षेत्र के वरिष्ठ युवा नेता नीरज ठाकुर को गरियाबंद जिला कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नियुक्त किया गया यह नियुक्ति कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुकचंद बेसरा द्वारा किया गया है। नीरज ठाकुर को जिला मुख्यालय कार्यालय प्रभारी का महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौपे जाने से संगठन मजबूत होगा। कांग्रेस पार्टी द्वारा संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से जिले में नए सिरे से जिम्मेदारियों का बंटवारा किया गया है।

**सियासत :** महिला आरक्षण रोकने वालों को जनता देगी जवाब, नारी शक्ति अब बदलाव की धुरी

# कांग्रेस व विपक्षी दलों द्वारा महिला आरक्षण रोकना महिलाओं के सम्मान पर आघात : लक्ष्मी राजवाड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कांग्रेस और विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए महिला आरक्षण के मुद्दे पर उन्हें घेरा, नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम में पहुंची मंत्री राजवाड़े ने कहा कि 33 प्रतिशत महिला आरक्षण सिर्फ एक विधेयक नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी के सम्मान, अधिकार और नेतृत्व का प्रश्न है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण को लेकर वर्षों से मांग उठती रही, लेकिन जब इसे ऐतिहासिक मुकाम तक पहुंचाने का अवसर आया, तब कांग्रेस और विपक्ष ने भ्रम फैलाने तथा राजनीति करने का काम किया। उन्होंने संसद में विधेयक पास नहीं हो पाने को महिलाओं के सम्मान पर चोट बताते हुए इसे "काला अध्याय" करार दिया। मंत्री राजवाड़े ने कहा कि कांग्रेस शुरू से तुष्टीकरण और परिवारवाद की राजनीति करती रही है तथा महिलाओं के अधिकारों को लेकर उसकी सोच कभी स्पष्ट नहीं रही। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष को इस बात का डर है कि महिला आरक्षण का श्रेय भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाएगा, इसलिए इसे रोकने की साजिश की गई। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी नेतृत्व क्षमता साबित कर रही हैं। घर-परिवार की जिम्मेदारी निभाने के साथ सामाजिक, राजनीतिक और प्रशासनिक क्षेत्रों में उनकी भागीदारी लगातार बढ़ रही है। नारी शक्ति आज परिवर्तन, प्रेरणा और सशक्त नेतृत्व की पहचान बन चुकी है। मंत्री ने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने का प्रयास लगातार जारी रहेगा और यह लड़ाई महिलाओं के अधिकारों के लिए निर्णायक साबित होगी। उन्होंने कांग्रेस पर महिलाओं का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता अब सब समझ चुकी है और समय आने पर जवाब भी देगी।



### भाजपा महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने संकल्पित

विधायक रोहित साहू ने कहा कि महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों को वास्तविक रूप से आगे बढ़ाने का काम भाजपा सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को सशक्त नेतृत्व देने की सोच भाजपा की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। रोहित साहू ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने हमेशा महिलाओं के अधिकारों को रोकने का काम किया है तथा महिला आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी बाधाएं खड़ी की हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए संकल्पित है।

### भाजपा ने हमेशा महिलाओं के अधिकारों प्राथमिकता दी



भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के सम्मान, स्वाभिमान और राजनीतिक भागीदारी को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी है, जबकि कांग्रेस ने वर्षों तक महिला आरक्षण को टालने और बाधित करने का काम किया। उन्होंने कहा कि अब महिलाएं सिर्फ सहभागिता नहीं, बल्कि नेतृत्व की भूमिका में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने महिलाओं से एकजुट होकर नारी सम्मान और विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री डॉ आशीष शर्मा ने किया। इस मौके पर जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, जिला मंत्री सुरेन्द्र सोनटेके, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी, लेखराज ध्रुवा, माधुरी साहू, मंडल प्रभारी प्रीतम सिन्हा, महामंत्री भारती साहू, खुशी साहू, मिलेश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष रिखी राम यादव, जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंग निषाद, मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, सागर मयानी, सभापति रजनी लहरे, सभापति गरिमा ध्रुव, सभापति बलराज पटेल, सभापति भोलेशंकर जायसवाल, सभापति चित्तरेखा ध्रुव, थानसिंग निषाद, जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा, अध्यक्ष प्रतिनिधि दुलम बाई, संतोषी साहू, भगवंतिन सिन्हा, भारती सिन्हा, माहेश्वरी साहू, कामिनी यादव, सुनीता चंद्राकर, कुमारी निषाद, रूपा निषाद, हेमलता ध्रुवा, वेदिका वासनिक, लीना दुबे, शंकर सेन जिला सोशल मिडिया ओबीसी मोर्चा, संतोष ध्रुव जिला कोषाध्यक्ष st मोर्चा, तुलाराम साहू, मयंक सोनी, चन्द्रिका धिवर,सोनिया कोठारी, आरती गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं महिलाएं उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान लक्ष्मी राजवाड़े ने महिलाओं को एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करने का आह्वान किया। उन्होंने नारी शक्ति पर कविता गुनगुनाकर महिलाओं में उत्साह भरा और कहा कि आने वाला समय महिलाओं के सशक्त नेतृत्व का होगा।

सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि वर्ष 2014 से केंद्र की भाजपा सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार जनहितकारी योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के नाम पर राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास तथा बैंक खाते खोलकर उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया गया है। महिला आरक्षण के तहत 33 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने का भी प्रयास किया गया है। उन्होंने कांग्रेस पर महिलाओं के सम्मान की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव में महिलाओं का वोट सबसे बड़ी ताकत और निर्णायक हथियार है। सांसद चौधरी ने महिलाओं से जागरूक होकर अपने अधिकारों के लिए आगे आने का आह्वान करते हुए कहा कि 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी।

## आरएसएस के सम्मेलन में समस्याओं के समाधान के लिए एकजुटता पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

आरएसएस के सामाजिक समरसता सम्मेलन में सामाजिक सद्भावना बनाए रख सशक्त हिंदू राष्ट्र बनाए रखने का संकल्प लिया गया। बौद्धिक में प्रभारी सुधीर गौतम बोले समस्या का समाधान कानून से नहीं संगठित समाज के निर्णय से होता है। देवभोग के स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने खंड स्तरीय समरता सम्मेलन का आयोजन किया।जिसमें देवभोग खंड क्षेत्र से विभिन्न हिंदू समाज के पदाधिकारी और प्रमुख ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। प्रमुख वक्ता के तौर पर सामाजिक समरसता के प्रदेश सह प्रभारी सुधीर गौतम पहुंचे हुए थे। खंड संघचालक आचार्य मनोज रघुवंशी के मौजूदगी में सुधीर गौतम ने समाज प्रमुखों



को संबोधित कर सनातनी हिंदू समाज को संगठित रखने सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने के साथ ही हिंदुत्व के भाव जागृत करने की अपील किया। वक्ता ने कहा कि ऐसे बैठके विशेष अवसर पर ही नहीं बल्कि प्रत्येक 3 माह में स्थानीय स्तर पर किए जाने चाहिए। वक्ता ने अन्य समाज की तुलना में हिंदू समाज के कमजोर संगठन पर चिंता जाहिर किया।हिंदू भाव जागृत कर देश में संगठित रहने के विकल्प को चुनने की अपील किया। उन्होंने हिंदुस्तान के दो महापुरुष स्वामी विवेकानंद एवं केशव बली राम हेडगेवाकर के जीवनी के कई प्रसंगों का उदाहरण देकर कहा कि सार्वजनिक मंच पर इन दोनों ने पहली बार मैं हिंदू हु का ऐलान कर समाज को नया परिभाषा दिया था।सुधीर गौतम ने कहा कि कई छोटी बड़ी समस्या का समाधान कानून से नहीं बल्कि एक जुट समाज कर देता है।

## राज्यपाल की अनूठी पहल, गोदग्राम बिजली के मेधावी विद्यार्थियों को मिली 10 हजार की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर



प्रदेश के राज्यपाल रेमन डेका ने गोदग्राम बिजली मे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सत्र 2024–25 के 10 वीं एवं 12वीं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले पांच विद्यार्थियों को वित्तीय वर्ष 2025–26 में स्वेच्छानुदान मद दस दस हजारी की राशि प्रदान की। यह छात्र गीता साहू,तारिणी साहू,आरती सोनवानी, टिकेश्वरी साहू एवं तारणी यादव है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरपंच पदमा मोती निषाद ने कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है जो किसी भी व्यक्ति के जीवन को नई दिशा और ऊंचाई प्रदान करता है।राज्यपाल महोदय द्वारा स्वेच्छानुदान से दी गई सहायता न केवल आर्थिक सहयोग है बल्कि विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला एक प्रेरणादायक कदम है। इससे निश्चित ही ये छात्र- छात्राएं अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए और अधिक उत्साह के साथ आगे बढ़ेंगे। जनपद सभापति नंदूराम यादव कहा कि आज के दौर में जरूरतमंद विद्यार्थियों को समय पर सहयोग मिलना अत्यंत आवश्यक है। राज्यपाल महोदय की यह पहल समाज के लिए एक उत्कृष्ट उदाहरण है जो हमें भी शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने के लिए प्रेरित करती है। संस्था के प्राचार्य रामनारायण मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों को मिली यह सहायता उनके सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। हमें ऐसे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को निरंतर प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि वे भविष्य में देश और समाज का नाम रोशन कर सके। राज्यपाल महोदय का या कदम वास्तव में सराहनीय एवं अनुकरणीय है।शाला प्रबंध समिति के सदस्य दयाराम साहू ने कहा कि परिश्रम सफलता की कुंजी है।यही प्रयास आने वाले समय में समाज को एक नई दिशा देंगे। कार्यक्रम का संचालन कर रहे व्याख्याता पूरन लाल साहू ने बताया कि सत्र 2024–25 में 12 वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत एवं दसवीं का 84 प्रतिशत रहा।यह सम्मान राशि उन प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का एक छोटा सा प्रयास है ताकि वह अपने सपनों को साकार कर सके और समाज के लिए प्रेरणा बने। इस अवसर पर उप सरपंच तोषण पटेल, सरपंच प्रतिनिधि मोतीराम निषाद, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, पूरन लाल साहू, विनय कुमार साहू, नरेन्द्र कुमार वर्मा, योगेश सोनकर, रेखा सोनी, गीतांजली नेताम, संतोषी गिलहरे, शिक्षक नकुल राम साहू, रूद्रप्रताप साहू, क्लर्क दुष्यंत साहू एवं तोमन साहू उपस्थित थे।

## जनक ध्रुव ने निर्माण कार्यों का किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए हमेंशा संघर्ष जारी रहेगा। जन समस्याओं को दूर करना और बुनियादी सुविधाओं का विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उक्त बाते मैनपुर विकासखण्ड के दूरस्त वनांचल में बसे ग्राम खरीपथरा पहुंचे बिन्द्रनवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने सभा को संबोंधित करते हुए कही। खरीपथरा, छैलडोंगरी में सीसी रोड भूमि पूजन पहुंचे विधायक श्री ध्रुव का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। फूलमाला से स्वागत करते हुए रैली निकाल कार्यक्रम स्थल पहुंचे जहां विधिवत पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया गया। इस दौरान विधायक ने आगे कहा की इस क्षेत्र के समस्याओं के समाधान के लिए उनके द्वारा लगातार सड़क से लेकर सदन तक अवाज बुलंद किया जा रहा है। सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा मूलभुत सुविधा उपलब्ध कराने संबंधित अफसरों से मूलाकात किया जा रहा है जिसके चलते आज इस क्षेत्र में एक दर्जन ग्रामों में विकास कार्यों के तहत सीसी रोड़ निर्माण कार्यों का भूमि पूजन कर रहे है। श्री ध्रुव ने कहा की आज महतारी वंदन के नाम पर केवाईसी के लिए माता- बहनों को भारी परेशानी हो रही है। भीषण गर्मी में घंटों पंचायतों और च्वाईस सेंटर में लाईन लगाना पड़ रहा है। उन्होने कहा की हम सबको संकल्प लेना है कि अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाना है और स्कूल संबंधित जो भी समस्या है उन सभी समस्याओं को तत्काल पूरा करवाया जायेगा। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अमलीपदर ललिता यादव ने कहा की बिन्द्रानवागढ़ विधायक लगातार क्षेत्र के समस्याओं के समाधान के लिए कार्य कर रहे है। आज दूरस्त वनांचल के ग्रामों मे पहुंचकर लोगों की समस्या सून रहे है जिसके कारण इसका लाभ लोगों को मिल रहा है। इस मौके पर प्रमुख रूप से सरपंच पुनितराम नागेश, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष ललिता यादव, उत्तम श्रीवास, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंकज मांझी, विक्रम कुमार,डालिमा यादव, तिहारू यादव, केजूराम, खामसिंह, तिलचंद, ओमप्रकाश, खगे"वर, अनीता, रमीन बाई सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

### पेयजल समस्या से विधायक को ग्रामीणों ने अवगत कराया



ग्राम खरीपथरा के ग्रामीणों ने विधायक जनक ध्रुव को बताया कि जल जीवन मिशन योजना के तहत लाखो रूपये खर्च कर पानी टंकी का निर्माण किया गया है और पाईप लाईन लगाई गई है लेकिन पाईप लाईन जगह जगह से टूट फूट गया है जिसके कारण इस भीशण गर्मी में ग्रामीणों को पेयजल के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार शिकायत कर चूके है लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। कोतराडोंगरी के ग्रामीणों ने बताया गांव में दो हेण्डपम्प है जिसमें से एक हेण्डपम्प खराब हो गया है कई बार हेण्डपम्प सुधार की मांग कर चूके है लेकिन इसका लाभ नहीं मिल रहा है। वहीं सरपंच ने बताया की गांव में उपस्वास्थ्य केंद्र खोला गया है लेकिन वर्षों से भवन निर्माण नहीं होने के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। मैनपुर विकासखण्ड के अमलीपदर में विधायक जनक ध्रुव ने आज विधिवत पूजा अर्चना कर बाजार पड़ाव में हाईमास्ट सोलर पेनल का उद्घाटन किया।

## नवापारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का हुआ विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज, प्रदेश प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू तथा पीसीसी के पूर्व चीफ धनेन्द्र साहू, पीसीसी के सचिव प्रवीण साहू और जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण रायपुर के अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे की अनुशंसा पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा के अध्यक्ष रामा यादव ने कांग्रेस कार्यकारिणी का विस्तार किया है। यह जानकारी देते हुए श्री यादव ने बताया कि महामंत्री रमेश तिवारी, मंगराज सोनकर, सुरेंद्र साहू, निर्माण यादव, मानसिंग ध्रुव, अनुभव जैन, यादवेंद्र राजपूत, सुमंत देवांगन तथा कोषाध्यक्ष सचिन बंगानी को बनाया गया है। उपाध्यक्ष अनूप खरे, शाहिद रजा, राकेश सोनकर, प्रतीक साहू, लक्ष्मीनारायण मिश्रा, अजय गाड़ा,



शंकर साहू, विवेक साहू, सचिव मितेश शाह, वीरेन्द्र राजपूत, शेखर साहू, विनोद कण्डरा, जीतेन्द्र कोसरे, दाऊराम साहू, विजय तारक, कौशल नगारची, सुनील शर्मा, भुनेश्वर साहू, भोलाराम साहू, अभिजीत श्रीवास, विशाल साहनी तथा कार्यकारिणी सदस्य में रेखा तिवारी, राजा चांवला, महेश साहू, आशीष दीवान, प्रदीप साहू, बजरंगी कंसारी, असफाक लखानी, गोल्डी पारख, निगम पटेल, नोहर कंसारी को रखा गया है। वहीं विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में पीसीसी के पूर्व चीफ धनेन्द्र साहू, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष धनराज मध्यानी, नपा के पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग, रायपुर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सौरभ शर्मा, नगरपालिका नेता प्रतिपक्ष संध्या राव, दीपाली राजपूत, अजय कोचर, अशोक गोलछा, संतोष विश्वास, शिखरचंद बाफना, अजय साहू, अर्जुन साहू, हेमंत साहनी, फागु देवांगन, टिकेश्वर गिलहरे, तरूण कंसारी, रामरतन निषाद, ज्ञानचंद लालवानी, राजीव बोथरा, सुनील जैन, राजू भंसाली, ऋषभचंद बोथरा, रमेश नागवानी, रूखमणी साहू, खेलन साव, वीरू नागवानी, सुशील बोथरा, किशोर नागवानी, बीरबल राजपूत को रखा गया है।

**आनंद मतावले ने साधकों को दी मंत्र दीक्षा, श्री मातंगी पीठ में बगुलामुखी महायज्ञ**

# बगुलामुखी की साधना से भय का होता है नाश : मतावले

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

श्री मातंगी पीठ में बगुलामुखी प्राकट्य दिवस के पावन अवसर पर आयोजित सप्त कुण्डीय मां बगुलामुखी अखंड मंत्र आहुति महायज्ञ का भव्य महापूणार्हुति कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। यह आयोजन गंगा सप्तमी की पूर्व संध्या से प्रारंभ होकर बगुलामुखी जयंती तक निरंतर चला। इस दिव्य अनुष्ठान का संचालन गुरुसत्ता आध्यात्मिक केंद्र एवं शांति धाम साधक कल्याण वेलफेयर, राजिम तरीघाट के संचालक पूज्यपाद गुरुजी डॉ. आनंद मतावले के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ जिनकी गरिमामयी उपस्थिति ने पूरे आयोजन को विशेष आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान की। इस अवसर पर पूज्य गुरुजी डॉ. आनंद मतावले ने माँ बगुलामुखी के प्राकट्य और उनकी महिमा का विस्तृत वर्णन करते हुए बताया कि सौराष्ट्र (गुजरात) में भगवान विष्णु की आराधना से श्रीविद्या त्रिपुरसुंदरी के पीत स्वरूप के रूप में माँ बगुलामुखी का प्राकट्य हुआ था। उस समय प्रकृति में उत्पन्न भीषण असंतुलन-आंधी, तूफान एवं ग्रह-नक्षत्रों की विक्षुब्ध अवस्था-माँ की कृपा से शांत हुई, जिससे संपूर्ण ब्रह्मांड प्रलय से बच सका। गुरुजी ने कहा कि माँ बगुलामुखी की साधना से व्यक्ति के भीतर और बाहर व्याप्त भय का नाश होता है तथा वाक सिद्धि की प्राप्ति होती है। उन्होंने मादन राक्षस का उदाहरण देते हुए बताया कि शक्ति का दुरुपयोग विनाश का कारण बनता है, इसलिए ऐसी उच्च साधनाएं सदैव योग्य गुरु के मार्गदर्शन में ही करनी चाहिए।महायज्ञ के दौरान गुरुजी ने महाविद्या के विष्णु तत्व, शिव तत्व, भैरव एवं विभिन्न दिव्य शक्तियों के गूढ़ रहस्यों का विस्तार से वर्णन किया। महापूणार्हुति के पश्चात सैकड़ों श्रद्धालु साधकों को विधिवत मंत्र दीक्षा प्रदान की गई, जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ।कार्यक्रम का समापन आरती एवं समर्पण के साथ हुआ।

### सफल आयोजन में इनकी रही मुख्य भूमिका



आयोजन समिति के सभी साधकों को पूज्य गुरुजी ने आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सेवा भाव की सराहना की। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बना, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा, आध्यात्मिक जागरूकता और गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता को भी सुदृढ़ करने वाला सिद्ध हुआ। सप्त कुण्डीय मां बंगलामुखी कार्यक्रम का सफल आयोजन सिद्ध मातंगी पीठ मंदिर के संत मनीष बाबा, डॉ. गुननिधि पटेल, भेखलाल साहू, नोशन पटेल, प्रेमलाल साहू, यागनिक चंद्राकर सतीश साहू, युवराज साहू, गुलशन ध्रुव, तीरथ ध्रुव, दुष्यन्त गोलू चंद्राकर कामता चंद्राकर, पंचराम बारिहा लखन ठाकुर, मोहन चंद्राकर,आकाश सोनी, लोकेश चंद्राकर, दिग्विजय साहू, सुमन साहू, दीपक साहू, प्रणय गुरुवेकर, के सहयोग सफल हुआ। कार्यक्रम में इनकी सहभागिता रही जो छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलो के अलावा उड़ीसा से टिमन पांडे, राजू चंद्राकर, गिरीश गजेंद्र, रामधन जोशी, अमर कश्यप, दीपक आन्डे, मोहन मण्डले, रामगुलाल साहू, पन्ना लाल वशिष्ठ सहित काफी संख्या में साधक शिष्य उपस्थित थे।

